श्री देव सुमन उत्तराखण्ड़ विश्वविद्यालय बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल,उत्तराखण्ड़–249199
Sri Dev Suman Uttarakhand Vishwavidhyalay Badshahithaul, Tehri Garhwal,Uttarakhand

पत्रांक 2750 /SDSUV/प0नि0कार्या0/2024 दिनांक 24.09.2024

## बी0एड0 परीक्षा सत्र 2024–25

## हेतु पर्यवेक्षक/केन्द्राध्यक्ष/परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश

1. केन्द्राध्यक्ष तथा पर्यवेक्षक/विशेष निरीक्षण दल की उपस्थिति में प्रश्न–पत्र निर्धारित समय पर परीक्षा प्रारम्भ होने से 20 मिनट पूर्व खोलें जायें।
2. परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा जारी समय–सारणी के अनुसार सम्पादित करवायी जायेगी। इस हेतु प्रश्न–पत्रों के लिफाफों को भली भॉति जॉच लें तथा परीक्षा समय–सारणी के अनुसार ही लिफाफों को खोला जायं। त्रुटिवश/भूलवश यदि अन्य लिफाफा खोला जाता है, तथा वह परीक्षा समय सारिणी के अनुसार मेल नही करता है/किसी प्रकार के विरोधाभास हेतु विश्वविद्यालय से अविलम्ब सम्पर्क स्थापित करें।
3. नकल विहीन परीक्षाओं का सम्पादन किये जाने हेतु परीक्षा कक्ष में पॅहुचने से पूर्व परीक्षार्थियों की भली–भॉति तलाशी अनिवार्य रूप से ले लेवें। किसी भी प्रकार की वस्तु, पुस्तक, बैग, पर्स, मोबाईल, इलैक्ट्रोनिक डिवाईस, कैल्कुलेटर आदि परीक्षा–कक्ष में पूर्णतया प्रतिबन्धित है। सामान्य कैल्कुलेटर एव साईस हेतु एम0एस0 100 या उससे कम क्षमता वाले कैल्कुलेटर ही मान्य होंगे।
4. परीक्षा हेतु महाविद्यालय/संस्थानों को रोल–लिस्ट के अनुसार केवल उन्ही परीक्षार्थियों को परीक्षा में बैठने की अनुमति है, जिनके नाम तथा रोल नम्बर रोल–लिस्ट में अंकित है।
5. जिन परीक्षार्थियों के प्रवेश–पत्र, उपस्थिति–पत्र, एवं रोल–लिस्ट विश्वविद्यालय द्वारा जारी नही है, उन्हे किसी भी दशा में परीक्षा में सम्मिलित न होने दिया जायं, अन्यथा सम्पूर्ण जिम्मेदारी परीक्षा–केन्द्र की होगी। रोल–लिस्ट में नाम/अनुक्रमांक अंकित होने पर केन्द्राध्यक्ष द्वारा सम्पूर्ण जॉच करने पर प्रवेश–पत्र निर्गत किया जायेगा। इस हेतु परीक्षार्थियों को अपनी पहचान का साक्ष्य एवं आई0डी0 की छाया प्रति प्रस्तुत करनी होगी।
6. परीक्षा–केन्द्र में किसी भी प्रकार की नकल/मुन्ना भाई की तर्ज पर किसी अन्य परीक्षार्थी को परीक्षा देतु हुए पकडा जाता है, तो विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा केन्द्र को न केवल परीक्षा हेतु अपितु सभी प्रकार की परीक्षाओं हेतु प्रतिबन्धित किया जायेगा, तथा सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र के केन्द्राध्यक्ष द्वारा सम्बन्धित मुन्ना भाई के विरूद्व तत्काल नजदीकी थाने में एफ0आई0आर0 दर्ज करवायी जायेगी।
7. विश्वविद्यालय के अधिकारी, उड़नदस्ता ,निरीक्षण मण्डल के सदस्य, पर्यवेक्षक के साथ अभद्र व्यवहार पर संबंधित संस्थान/व्यक्ति/छात्र–छात्रों पर कर्मचारी आचरण नियमावली एवं नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराने की नियमावली के अन्तर्गत कार्यवाही भी की जायेगी। जिसके लिये संबधित व्यक्ति जिम्मेदार होगा। विश्वविद्यालय परीक्षा केन्द्र निर्माण/निरस्त करने के लिये स्वतन्त्र होगा। यदि परीक्षा के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त अधिकारी के साथ किसी भी भी छात्र द्वारा अभद्र व्यवहार किया जाता है, तो नजदीकी थाने में रिपोर्ट दर्ज करेगे, जिससे सम्पूर्ण जिम्मेदारी संस्थान एवं छात्र की होगी।
8. प्रत्येक परीक्षा कक्ष में शुद्व पेयजल तथा परीक्षा केन्द्र में स्वच्छ शौचालयों की व्यवस्था अनिवार्य रूप से होनी आवश्यक है।
9. महाविद्यालय/संस्थानों द्वारा अपने स्तर पर गठित निरीक्षण दल अनिवार्य रूप से परीक्षा प्रारम्भ होने से आधे घण्टे पूर्व परीक्षा केन्द्र में पॅहुचकर प्रश्न–पत्रों के शीलबन्द लिफाफों की पूर्णतया जॉच कर लें एवं शान्तिपूर्वक तथा नकलविहीन परीक्षा एवं परीक्षा कार्यक्रमानुसार समपन्न करवाना सुनिश्चित करेंगें।
10. परीक्षा केन्द्राध्यक्षों से अपेक्षा की जाती है, कि परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन हेतु अपने केन्द्र पर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ–साथ आवश्यक पुलिस व्यवस्था भी सुनिश्चित करेंगें। जिससे परीक्षाओं को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पादित करवाया जा सके।
11. कक्ष निरीक्षक परीक्षा शुरू होने से पहले परीक्षार्थियों को अनुक्रमांक आदि अंकित करने की विधि प्रर्दशित करें। जिससे कि परीक्षार्थियों द्वारा अनुक्रमांक भरने में कोई त्रुटि न हो।
12. कक्ष निरीक्षक यह सुनिश्चित कर लें कि परीक्षार्थियों ने अपना अनुक्रमांक, केन्द्र कोड, प्रश्न–पत्र कोड, विषय भली भॉति लिखा है, जॉचोपरान्त ही अपने हस्ताक्षर नियत स्थान पर करें। परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध किये गये परीक्षा कार्यक्रमानुसार ही समपन्न होगी।
13. परीक्षा भवन की दरवाजे, परीक्षा प्रारम्भ होने के आधे घण्टे पहले खोले जायं।
14. परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था इस प्रकार से हो कि हर सीट में पर्याप्त स्थान छोडा जायं जिससे नकल करने की सम्भावना न रहे।

15. सामाजिक दूरी बनाये रखें।
16. आवश्यक होने पर केन्द्राध्यक्ष प्रवेश–पत्र की द्वितीय प्रति परीक्षार्थियों की सम्पूर्ण पहचान करने के पश्चात ही निर्गत करें।
17. किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारम्भ होने के 15 मिनट पश्चात् परीक्षा कक्ष में आने की अनुमति नही दी जायेगी विशेष परिस्थितियों में यदि वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष विलम्ब से आने के कारण से सन्तुष्ट हों तो अधिक से अधिक 15 मिनट की छूट दे सकते है।
18. परीक्षा प्रारम्भ होने के पश्चात (1:30) एक घण्टा तीस मिनट से पूर्व किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष छोडने की अनुमति नही दी जायेगी। अन्यथा की स्थिति में परीक्षार्थी से उसका प्रश्न–पत्र परीक्षा कक्ष में जमा कर दिया जायेगा।
19. परीक्षा की समाप्ति के 15 मिनट पूर्व कक्ष निरीक्षक परीक्षा कक्ष में घोषणा करें कि सभी परीक्षार्थी अपनी उत्तर पुस्तिका को जमा करने से पूर्व उसमें दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ लें। इसके लिए अतिरिक्त समय प्रदान नही किया जायेगा।
20. केन्द्राध्यक्ष विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त विशेष निरीक्षण दल एवं उडनदस्ता दल के सदस्यों को नकलविहीन एवं पारदर्शी परीक्षा समपन्न करवाने हेतु पूर्ण सहयोग प्रदान करना सुनिश्चित करेंगें। असहयोग की सिथिति व अन्य किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर भविष्य में सम्बन्धित संस्थान को परीक्षा केन्द्र बनाने से वंचित किया जा सकता है।
21. नकलविहीन एवं पारदर्शी परीक्षा समपन्न करवाने हेतु प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के मुख्या परीक्षा कक्ष स्ट्रांग रूम (जहॉ से परीक्षा संचालित की जा रही हो/प्रश्न–पत्रों का रखरखाव हो) में अनिवार्य रूप से कार्यरत सी0सी0टी0वी0 कैमरा लगा होना चाहिए, एवं प्रत्येक परीक्षा कक्ष में सी0सी0टी0वी0 कैमरे की उपलब्धता होनी चाहिए।
22. परीक्षा सम्बन्धी किसी भी सहायता/जानकारी के लिये विश्वविद्यालय की अधिकारिक बेवसाईट पर उपलब्ध विश्वविद्यालय अधिकारियों परीक्षा नियन्त्रक/सहायक परीक्षा नियन्त्रक (मुख्य) के दूरभाष संख्याओं पर सम्पर्क करें।
23. संस्थानों प्राचार्य/परीक्षा प्रभारियों एवं परीक्षा समिती से अनुरोध है, कि बी0 एड0 परीक्षाओं में उत्तर पुस्तिकाओं में बैक और मुख्य परीक्षाओं के बण्डलों को पृथक–पृथक बण्डलों में बॉधा जायेगा, तथा बडे बण्डलों को मार्किन कपडे से तथा छोटे बण्डलों को कपडे युक्त लिफाफों में पैक किया जायं, बण्डलों पर निम्न विवरणानुसार अंकन किया जाना आवश्यक होगा।

- **परीक्षा केन्द्र संख्या** ......................................................................................
- **कॉलेज केन्द्र संख्या** ......................................................................................
- **प्रश्न–पत्र कोड** ......................................................................................
- **उत्तर पुस्तिकाओं की संख्या** ......................................................................................
- **परीक्षा तिथि** ......................................................................................
- **परीक्षा का समय** ......................................................................................
- **प्रश्न–पत्र का नाम** ......................................................................................
- **परीक्षा सत्र (मुख्य/बैक)** ......................................................................................

अतः उपरोक्त प्रविष्टियों एवं अनुपस्थिति के अलावा किसी भी प्रकार की प्रविष्टियॉ एवं कॉलेज के नाम वाली स्टैम्प को प्रयोग न करें, केवल कॉलेज कोड ही प्रर्दशित किया जाय, ताकि बण्डलों पर अंकित प्रविष्ठियॉ स्पष्ट हों, जिससे अंकित प्रविष्टियों का भली–भॉति आंकलन किया जा सके, गलत प्रविष्टियॉ भरे जाने कि स्थिति में महाविद्यालय/संस्थान स्वयं जिम्मेदार होंगें।

सहयोग हेतु धन्यवाद।

24/09/2024

परीक्षा नियन्त्रक